# मेवाड़ यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट

चित्तौड़गढ़ | विद्यार्थियों के कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के प्रयासों के तहत ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कैम्पस ड्राइव के माध्यम से चल रही विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया के अन्तर्गत कई विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे है। इसी क्रम में सीएट टायर कम्पनी द्वारा मेवाड़ विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। यूनिवर्सिटी के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी ने बताया कि विभिन्न संकायों इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कृषि एवं विधि आदि के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन साक्षात्कार कार्यक्रम किया गया।

Dainik Bhaskar 04-12-2021

# हुए साक्षात्कार, कई विद्यार्थियों को मिला रोजगार

**चित्तौड़गढ़.** विद्यार्थियों के कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के प्रयासों के तहत ऑनलाईन एवं ऑफलाईन केम्पस ड्राइव के माध्यम से चल रही विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया के अन्तर्गत कई विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं। इसी क्रम में सीएट टायर कम्पनी द्वारा मेवाड़ विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। उक्त चयनित विद्यार्थियों में से अधिकांश ने बिहार राज्य सरकार द्वारा गरीब एवं वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के उत्थान के लिये चलाई गई योजना डीआरसीसी स्कीम के तहत मेवाड़ विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर अध्ययन किया था।

ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी ने बताया कि विभिन्न संकायों जैसे इन्जिनियरिंग, प्रबन्धन, कृषि एवं विधि आदि में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ जोड़ने एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम द्वारा साक्षात्कार कार्यक्रमों का निरन्तर आयोजन हो रहा है।

Rajasthan Patrika 04-12-2021

# मेवाड़ विश्व विद्यालय के कई विद्यार्थियों को मिला रोजगार

गंगरार, 3 दिसम्बर (जसं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के प्रयासों के तहत ऑनलाईन एवं ऑफलाईन केम्पस ड्राईव के माध्यम से चल रही विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया में कई विद्यार्थी रोजगार प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे है।

इसी क्रम में सीएट टायर कम्पनी द्वारा मेवाड़ विश्वविद्यालय के 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। उक्त चयनित विद्यार्थियों में से अधिकांश ने बिहार राज्य सरकार द्वारा गरीब एवं वंचित वर्गो के विद्यार्थियों के उत्थान के लिये चलाई गई योजना डीआरसीसी स्कीम के तहत मेवाड़ विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर अध्ययन किया था। ज्ञातव्य हो कि उक्त विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की राशि अभी तक भी लम्बित है। गौरतलब है कि मेवाड़ विश्वविद्यालय प्रबंधन ने छात्रवृत्ति की राशि लम्बित होने के बावजूद न केवल विद्यार्थियों की शिक्षा पूर्ण कराई बल्कि उन्हे रोजगार के योग्य बनाकर इस साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से रोजगार भी उपलब्ध करवाया। कोविड-19 से उत्पन्न विषम परिस्थितियों, औद्योगिक शिथिलता एवं रोजगार के अवसरों में आई गिरावट के बीच सीएट टायर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार प्राप्त होने से विद्यार्थियों ने काफी उत्साह एवं विश्वविद्यालय के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अपने चयन का श्रेय विश्वविद्यालय को दिया है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट विभाग के डायरेक्टर हरिश गुरनानी ने बताया कि विभिन्न संकायों जैसे इंजिनियरिंग, प्रबन्धन, कृषि एवं विधि आदि में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ जोड़ने एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम द्वारा साक्षात्कार कार्यक्रमों का निरन्तर आयोजन हो रहा है।

Jannayak 04-12-2021

# साक्षात्कार में कई विद्यार्थियों को मिला रोजगार

नवज्योति/गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय में हुए साक्षात्कार में कई विद्यार्थियों को रोजगार मिला। सीएट टायर कम्पनी द्वारा 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया। उक्त चयनित विद्यार्थियों में से अधिकांश ने बिहार राज्य सरकार द्वारा गरीब एवं वंचित वर्गों के विद्यार्थियों के उत्थान के लिये चलाई गई योजना डीआरसीसी स्कीम के तहत अध्ययन किया था।

प्लेसमेन्ट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी ने बताया कि विभिन्न संकायों जैसे इन्जिनियरिंग, प्रबन्धन, कृषि एवं विधि आदि में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ जोड़ने एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम द्वारा साक्षात्कार कार्यक्रमों का निरन्तर हो रहा है।

Dainik Navajyoti 04-12-2021